**प्रेषक,**

**निदेशक,**
पशुपालन विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

1. समस्त योजनाधिकारी, मुख्यालय।
2. समस्त अपर निदेशक ग्रेड–2, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश।

संख्याः 425 /नियोजन/29(9)/2015–16, दिनॉकः 21-04-2015

महोदय,

कृपया उत्तर प्रदेश में जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा तीव्रगति से विकास कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश में कतिपय क्षेत्र यथा पशुपालन के क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता हेतु अध्ययन दल बनाकर अल्प अवधि में ऐसी सुविचारित नीति/कार्य योजना तैयार करने हेतु **ग्रामीण क्षेत्रों का आर्थिक उत्थान** अन्तर्गत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक उन्नति के लिए पशुपालन एवं डेयरी के क्षेत्र में सफल माडल 'कामधेनु' जैसे अन्य माडल तथा पशुचिकित्सा के क्षेत्र में अभिनव प्रयोगों के लिए संभावनाओं का पता लगाने, पशु पालकों को विशेषज्ञ सलाह प्राप्त कराने तथा पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कार्य योजना तैयार करने हेतु निम्नवत अध्ययन समूह गठित किया गया है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. मा0 उपाध्यक्ष, राज्य योजना आयोग | – | अध्यक्ष |
| 2. श्री निहाल अजमत चौधरी, सदस्य राज्य योजना आयोग | – | सदस्य |
| 3. प्रमुख सचिव, नियोजन | – | सदस्य |
| 4. प्रमुख सचिव, पशुपालन | – | सदस्य |
| 5. प्रमुख सचिव, दुग्ध | – | सदस्य |
| 6. निदेशक, पशुपालन | – | सदस्य सचिव |

शासन द्वारा गठित अध्ययन समूह द्वारा प्रकरण पर समयबद्ध अध्ययन पूर्ण करते हुए कार्य योजना तैयार कर शासन को उपलब्ध करायी जानी है।

अतः उक्त के संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने मण्डल/जनपद अन्तर्गत पशुपालन के क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकताओं का गहनता से अध्ययन कराकर सुविचारित नीति/कार्य योजना निम्न बिन्दुओं के आलोक में तैयार कर अधोहस्ताक्षरी को एक सप्ताह में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें:–

1. अध्ययन की विषय वस्तु की पृष्ठभूमि तथा वर्तमान स्टेटस के सम्बन्ध में प्रतिवेदन।
2. भारत सरकार के स्तर पर क्षेत्र में संचालित योजनायें तथा उनमें प्रदेश को प्राप्त सहायता एवं उपलब्धियों का विवरण।

3. अन्य राज्यों में इस क्षेत्र में संचालित उल्लेखनीय योजनायें, जिनमें अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं।

उक्त के संबंध में कार्य योजना फैक्स नम्बर 0522–2740202 एवं ई मेल drstishchandraniyojan@gmail.com पर भी उपलब्ध करायें।

भवदीय

( रुद्र प्रताप )
निदेशक।

संख्याः /नियोजन/29(9)/2015–16, दिनॉकः

प्रतिलिपि निम्न लिखित को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त के संबंध में अपनी सुविचारित नीति/कार्य योजना अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें:–

1. अधिष्ठाता, पं0 दीनदयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा।
2. अधिष्ठाता, नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, फैजाबाद।
3. कुलपति, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर।
4. कुलपति, सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ।

( रुद्र प्रताप )
निदेशक।

संख्याः /नियोजन/29(9)/2015–16, दिनॉकः

1. प्रतिलिपि निजी सचिव, मा0 उपाध्यक्ष, राज्य योजना आयोग, उ0प्र0शासन को मा0 उपाध्यक्ष महोदय के अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. प्रतिलिपि श्री निहाल अजमत चौधरी, मा0 सदस्य राज्य योजना आयोग, उ0प्र0शासन के अवलोकनार्थ प्रेषित।
3. प्रतिलिपि प्रमुख सचिव, नियोजन, उ0प्र0शासन, राज्य योजना आयोग–1, उत्तर प्रदेश लखनऊ को अवलोकनार्थ प्रेषित।
4. प्रतिलिपि प्रमुख सचिव, पशुधन, उ0प्र0शासन, लखनऊ को अवलोकनार्थ प्रेषित।
5. प्रतिलिपि प्रमुख सचिव, दुग्ध विकास, उ0प्र0शासन, लखनऊ को अवलोकनार्थ प्रेषित।

( रुद्र प्रताप )
निदेशक।